# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUH Student got Bronze Medal

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 22-04-2022**

उपलब्धि | कुलपति ने स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

# स्किल स्पर्धा में हकेंविवि के गौतम ने किया उल्लेखनीय प्रदर्शन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंविवि) में अध्ययनरत विद्यार्थी गौतम गिरि ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सहयोग से आयोजित कौशल प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में दो लाख प्रतिभागियों में 64 प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने में कामयाब रहे। इनमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीटेक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी गौतम गिरि का नाम भी शामिल रहा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने गौतम को इस उल्लेखनीय प्रदर्शन पर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



हकेंविवि के छात्र गौतम गिरि को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार संवाद

इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने के बाद गौतम ने एंटरप्रेंयोर एवं इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेल के प्रयासों से मिली इस सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय कुलपति, शिक्षकों सहित अपने परिवारजनों को दिया। इस अवसर पर एंटरप्रेंयोर सेल की संयोजक डॉ. सुनीता तंवर ने कहा कि सेल के माध्यम से विश्वविद्यालय स्तर पर नए-नए आइडिया के विकास की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंविवि) में अध्ययनरत विद्यार्थी गौतम गिरि ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सहयोग से आयोजित कौशल प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। डॉ. तंवर ने बताया कि जूनियर स्किल्स 2021 का आयोजन का उद्देश्य पहले से मौजूद इंडिया स्किल्स और वल्ड स्किल्स चैंपियनशिप को विस्तार देना था। विश्वविद्यालय के छात्र गौतम गिरि ने आईटी सॉफ्टवेयर सोलूशंस फॉर बिजनेस पर एक एंड्रॉइड ऐप विकसित किया जिसके लिए गौतम को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेल के सदस्य निशान सिंह उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 22-04-2022**

# स्किल चैंपियनशिप में छात्र गौतम ने जीता कांस्य पदक



**महेंद्रगढ़**| हकेंवि, महेंद्रगढ़ में अध्ययनरत विद्यार्थी गौतम गिरि ने नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सहयोग से आयोजित स्किल चैंपियनशिप 'जूनियर स्किल्स' में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। लगभग 2 लाख प्रतिभागियों में 64 प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए। जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीटेक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी गौतम गिरि का नाम भी शामिल है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने गौतम को इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया। इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने के बाद गौतम ने एन्टरप्रेन्योर एवं इनोवेशन एंड इन्कयूबेशन सेल के प्रयासों से मिली इस सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय कुलपति व शिक्षकों सहित अपने परिजनों को दिया। डॉ. तंवर ने बताया कि जूनियर स्किल्स 2021 का आयोजन का उद्देश्य पहले से मौजूद इंडिया स्किल्स और वर्ल्ड स्किल्स चैंपियनशिप को विस्तार देना था। विश्वविद्यालय के छात्र गौतम गिरि ने 'आईटी सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन्स फॉर बिजनेस' पर एक एंड्रॉइड एप विकसित किया, जिसके लिए गौतम को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 22-04-2022**

# स्किल चैम्पियनशिप में हकेंवि छात्र गौतम गिरि का उल्लेखनीय प्रदर्शन

महेंद्रगढ़, 21 अप्रैल (मोहन/ परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में अध्ययनरत विद्यार्थी गौतम गिरि ने नैशनल स्किल डिवैल्पमैंट कॉर्पोरेशन द्वारा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सहयोग से आयोजित स्किल चैम्पियनशिप 'जूनियर स्किल्स' में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। लगभग 2 लाख प्रतिभागियों में 64 प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बी.टैक. प्रथम वर्ष के विद्यार्थी गौतम गिरि का नाम भी शामिल रहा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने गौतम को इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि अवश्य ही उनकी इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थी भी प्रोत्साहित होंगे।

कुलपति ने गौतम गिरि को उनकी इस उपलब्धि के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने के बाद गौतम ने एन्टरप्रिन्योर एवं इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सैल के प्रयासों से मिली इस सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय कुलपति व शिक्षकों सहित अपने परिजनों को दिया।

इस अवसर पर एन्टरप्रिन्योर सैल की संयोजक



*गौतम गिरि को स्मृति चिन्ह भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

डॉ. सुनीता तंवर ने कहा कि सैल के माध्यम से विश्वविद्यालय स्तर पर नए-नए आइडिया के विकास की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए विभिन्न कार्यशालाओं, वैबिनार व प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. तंवर ने बताया कि जूनियर स्किल्स 2021 का आयोजन का उद्देश्य पहले से मौजूद इंडिया स्किल्स और वर्ल्ड स्किल्स चैंपियनशिप को विस्तार देना था।

विश्वविद्यालय के छात्र गौतम गिरि ने 'आई.टी. सॉफ्टवेयर सोल्यूशन्स फॉर बिजनैस' पर एक एंड्रॉयड एप विकसित किया, जिसके लिए गौतम को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari (Rewari)** **Date: 22-04-2022**

# स्किल चैम्पियनशिप में हकेवि छात्र गौतम गिरि ने किया उल्लेखनीय प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़,** सरोज यादव (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में अध्ययनरत विद्यार्थी गौतम गिरि ने नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सहयोग से आयोजित स्किल चेम्पियनशिप 'जूनियर स्किल्स' में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। लगभग दो लाख प्रतिभागियों में 64 प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बी.टेक. प्रथम वर्ष के विद्यार्थी गौतम गिरि का नाम भी शामिल रहा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने गौतम को इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि अवश्य ही उनकी इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थी भी प्रोत्साहित होंगे। कुलपति ने गौतम गिरि को उनकी इस उपलब्धि के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया।



इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने के बाद गौतम ने एन्टरप्रेन्योर एवं इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेल के प्रयासों से मिली इस सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय कुलपति व शिक्षकों सहित अपने परिवारजनों को दिया। इस अवसर पर एन्टरप्रेन्योर सेल की संयोजक डॉ. सुनीता तंवर ने कहा कि सेल के माध्यम से विश्वविद्यालय स्तर पर नए-नए आइडिया के विकास की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए विभिन्न कार्यशालाओं, वेबिनार व प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने गौतम गिरि की इस सफलता के लिए उसे शुभकामनाएं दी और कहा कि सेल के माध्यम के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। डा. तंवर ने बताया कि जूनियर स्किल्स 2021 का आयोजन का उद्देश्य पहले से मौजूद इंडिया स्किल्स और वर्ल्ड स्किल्स चैंपियनशिप को विस्तार देना था।